Chapter- 1

नया साल

STUDY NOTES

कविता सारांश :

- समय सदा परिवर्तन होता रहता है ।
- जब नया साल आता है तब हमारे अंदर नया जोश एवं नया विश्वास भर जाता है ।
- हम नया अनुभव करते हैं ।
- नया साल हमें सिखाता है कि हम बीते हुए समय की पुरानी बातों को भूल जाएँ तथा सभी प्रकार की बुराइयों को छोड़ दें ।
- इससे हमारे जीवन में एक नयापन आएगा और हम अपने जीवन को एक नई दिशा देंगे ।
- चारों तरफ प्रेम तथा दया से भरा वातावरण हो, जिसमें सभी खुशी से साँस ले पाए ।
- नये साल में हम सभी प्रकार की असुविधाओं व वाधाओं को रौंदकर आगे बढ़ें ।
- अपनी हिम्मत को ताकत बनाकर दुख-दर्द को दूर करेंगे ।
- सभी को प्यार तथा भाईचारे का संदेश देंगे जिससे आपसी दूरी मिट जाए ।
- नये साल में सभी की अधूरी चाहतें पूरी हो जाएँगी ।
- कोई भी उच्च या नीच नहीं रहेगा । सभी एक बराबर होंगे ।
- नयासाल सबका जीवन सुखमय बनाएगा ।

शिक्षण उद्देश्य :

जीवन में अच्छे गुण अपनाकर समय के परिवर्तन के साथ व्यक्तित्व का विकास करना ।

अभ्यास के लिए

मौखिक

१.	श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –

- उमंग
- विश्वास
- अहसास
- बुराइयाँ
- करुणा
- हिम्मत
- संदेश
- मजबूरी
- प्यार
- सुखमय

२.	कम् से कम् शब्दों में उत्तर दीजिए ।

क)	नया साल क्या लेकर आता है ?

उ-	नया साल नया अहसास लेकर आता है ।

ख)	सभी कैसी हवा में साँस ले पाएँ ?

उ-	सभी प्रेम, करुणा की हवा में साँस ले पाएँ ।

ग)	सबके पास किसका संदेश लेकर जाएँ ?

उ-	सबके पास भाईचारे का संदेश लेकर जाएँ ।

घ)	सबका जीवन कैसा हो ?

उ-	सबका जीवन सुखमय हो ।

लिखित –

१. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

क) राह - रास्ता

-हमें सत्य के राह पर चलना चाहिए ।

ख) करुणा – दया

- भगवान की करुणा सदा हम पर है ।

ग) भाईचारा – भातृत्व (भाई-भाई संबध)

- भारत देश सबको एकता और भाईचारा का संदेश देता है ।

घ) सुखमय – सुख से भरा (आराम दायक)

- मेहनत से हम अपना जीवन सुखमय बना सकते हैं ।

२. कविता में प्रयुक्त निम्न लिखित पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए ।

क) ‘नया साल नई उमंगें‘, ‘जगा नया विश्वास‘ ।

उ- नया साल नए जोश के साथ हमारे अंदर नया विश्वास जगाने के लिए आता है ।

ख) ‘प्रेम करुणा की हवा में, ले पाएँ सभी फिर साँस‘ ।

उ- नये साल के आने से सभी लोग फिरसे प्रेम तथा दया भावना भरे वातावरण में साँस ले पाएँगे ।

ग) ‘प्यार पले सभी के दिल में, सभी चाह अधूरी मिट जाए ।‘

उ- सभी के दिल में प्रेमभरी भावनाएँ हों और सभी की अधूरी चाहतें पूरी हो जाए ।

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क) कौन नया विश्वास जगा गए ?

उ- नया साल नया विश्वास जगा गए ।

ख) कवि क्या छोड़ने के लिए कह रहे हैं ?

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

उ- कवि बीती बातें छोड़ने के लिए कह रहे हैं ।

ग) कवि प्रेम करुणा की हवा क्यों लाना चाहते हैं ?

उ- कवि प्रेम करूणा की हवा इसलिए लाना चाहते हैं , ताकि सभी लोग आपस में प्यार से तथा शांति से रहुपाएँ ।

घ) सभी के दिल में क्या होना चाहिए ?

उ- सभी के दिल में प्यार होना चाहिए ।

ङ) 'हिम्मत की गाँठ बाँधकर' - कवि इस पंक्ति के माध्यम से क्या कहना चाहते हैं ?

उ- कवि इस पंक्ति के माध्यम से यह कहना चाहते हैं कि हिम्मत अर्थात् साहस को अपनी ताकत बनाकर हमें दुख-दर्द का सामना करना चाहिए ।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए ।

क) कविता के आधार पर लिखिए कि आप अपने समाज के लिए क्या-क्या करेंगे ।

हम समाज में प्रेम तथा एकता बढ़ाएँगे । सभी के साथ भाईचारे से रहेंगे । लोागों के बीच की दूरियाँ मिटाने की कोशिश करेंगे । ऊँच – नीच का भेद-भाव मिटाने की चेष्टा करेंगे ।

ख) कविता के किस पद में समानता का संदेश दिया गया है ? अर्थ सहित पद लिखिए ।

उ- कविता के जिस पद में समानता का संदेश दिया गया है, वह है –

सुखमय हो जीवन सारा,
आम रहे ना कोई खास ।
नया साल फिर स`ले आया है ,
एक नया अहसास ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

इस पद का अर्थ है – सभी लोगों का जीवन सुख से भरा हो जाए । ना कोई साधारण रहे और ना ही कोई विशेष महत्त्व वाला रहे । यह नया साल फिर से सभी के जीवन में नया अनुभव ले आए । समाज में सभी एक समान हों । कोई भेद – भाव ना रहे ।

भाषा ज्ञान :

१. पढ़िए समझिए और लिखिए -

कविता से अनुस्वार तथा चंद्राबिदु वाले शब्द छाँटकर लिखिए ।

अनुस्वार (ं) – उमंगें , जिंदगी, संदेशा, सीखें

चंद्रबिंदु – (ँ) – साँस, गाँठ, जाएँ, बाधाएँ

२. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए

भरोसा – विश्वास	प्रेम – प्यार
समय – वक्त	राह - रास्ता
जिंदगी - जीवन	साल – वर्ष

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

***